## पालकी में सवार होकर ठाकुरजी ने किया नगर भ्रमण

**भुसावर**, (निसं)। कस्बा भुसावर सहित ग्रामीण अंचल में शनिवार 14, सितंबर को जलझूलनी एकादशी भक्तों द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। जहां ठाकुर जी को डोला, पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण करवाया गया। जहां ठाकुर जी ने भक्तों के दुख दर्द को जाना वहीं श्रद्धालुओं मैं भी ठाकुर जी की पुष्प वर्षा करते हुए पूजा अर्चना के साथ आरती उतार कर स्वागत करते हुए परिवार में सुख,शांति,समृद्धि एवं क्षेत्र में खुशहाली के साथ विश्व कल्याण की भावना को लेकर मनोकामनाएं मांगी गई। वहीं कस्बे के कोठी वाले हनुमान जी मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, पंजाबी गुरुद्वारा मंदिर, लक्ष्मण जी मंदिर, रात वाले हनुमान जी मंदिर, दाऊजी महाराज मंदिर, हूकारेश्वर महादेव मंदिर, चतुर्भुज जी मंदिर, रात वाले हनुमान जी महाराज मंदिर, वनखंडी वाले हनुमान जी मंदिर, पंचमुखी हनुमान जी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों एवं घरों में जलझूलनी एकादशी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जहां प्रातःकाल से ही घरों एवं मंदिरों में ठाकुर जी की विशेष पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और सांयकल ठाकुर जी डोला, पालकी में विराजमान होकर निकले तो श्रद्धालुओं ने आरती उतार कर मनोकामनाएं मांगी गई।

# बाबासाहेब की मूर्ति खंडित करने के विरोध में छह दिन से धरना जारी



कामां के अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किए जाने को लेकर छह दिन से चला आ रहा धरना शनिवार को भी जारी रहा।

**कामां**, (निसं)। कस्बे के अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किए जाने को लेकर छह दिन से चला आ रहा धरना शनिवार को भी जारी रहा।

पूर्व मंत्री व करौली सांसद भजनलाल जाटव धरना स्थल पर पहुंचे और धरने को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम पुलिस प्रशासन को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन दिन का समय देते हैं यदि तीन दिन में आरोपी गिरफ्तार नहीं किए गए तो

- **सांसद भजनलाल जाटव ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया**

आंदोलन बड़े स्तर पर किया जाएगा। साथ ही कहा कि सीसीटीवी कैमरे उच्च क्वालिटी के क्यों नहीं लगावाए गए। जिन सीसीटीवी कैमरों से आरोपी की पहचान नहीं हो क्या फायदा उन सीसीटीवी कैमरों के लगवाने से हमारा समाज इतना कमजोर नहीं है।

साथ ही भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार दलित विरोधी सरकार है, हमारे समाज के कर्मचारियों को एक-एक कर एपीओ किया जा रहा है व उनका तबादला मनमर्जी से अन्य स्थानों पर किया जा रहा है।

धरने में उस समय समाज को बल मिल गया जब जाटव समाज की दो महिलाओं ने आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा करते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया व दोषियों को प्रशासन से शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। धरना स्थल पर राजेश जाटव द्वारा समाज को अपना समर्थन देते हुए आमरण अनशन का दूसरे दिवस भी अपनी मांगों पर अढा रहा व प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो मेरा आमरण अनशन अन्तिम सांस तक जारी रहेगा।

धरने पर बैठे पूर्व पार्षद चंदन सिंह जाटव, राजेश कुमार जाटव भीम आर्मी, बृजेश कुमार गौतम, वीर सिंह जाटव, मनमोहन, योगेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डोला में निकले ठाकुरजी महाराज

**हिंडौन सिटी**, (निसं)। शहर में जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को ठाकुरजी के प्राचीन मंदिरों से परंपरागत भजन कीर्तन और धार्मिक जयकारों के साथ डोला निकाला गया। डोला में विराजे ठाकुरजी के दर्शनों के लिए मुख्य चौराहों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर भ्रमण करते हुए शाम करीब 5.30 बजे सभी डोला जलसेन तालाब के छत्तु घाट पर पहुंचे। वहां महिलाएं नवजात शिशु को गोद में लेकर डोला के नीचे से निकलकर परिक्रमा करती रहीं। श्रद्धालुओं ने डोला में विराजे ठाकुरजी को फल और मिठाई अर्पित की, जिसके उपरांत एकादशी का उपवास खोला गया।

हिंडौन शहर के विभिन्न मंदिरों जैसे कल्याणराय जी मंदिर, रघुनाथजी मंदिर, नर्सिंघ मंदिर, मुरलीधर मंदिर, गोपालजी मंदिर, केशवराय मंदिर, बिहारीजी मंदिर, उमाशंकर सत्संग भवन, महिषासुर मर्दनी मंदिर, प्रेम मंदिर, मोहन नगर शिवालय, और द्वारकापुरी स्थित राधाकृष्ण खाटूश्याम मंदिर में भी प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिरों के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने डोला में ठाकुरजी की प्रतिमा रखकर नगर भ्रमण कराया। मंदिरों में ठाकुरजी की प्रतिमा को पंचामत से स्नान कराया गया । इसके बाद शाम 4 बजे मंदिरों से शंखनाद करते हुए झांझ-मंजीरा और गरुड़ घंटी के साथ डोला शुरू हुआ।

## सार-समाचार

### लोक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजन्तार्गत जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक-करौली में हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डाइट करौली पुष्पेंद्र कुमार शर्मा,स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम के प्रधानाचार्य भय सिंह मीणा उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली,द्वितीय स्थान पर मॉडल स्कूल टोडाभीम एवं तृतीय स्थान पर मॉडल स्कूल करौली जूनियर वर्ग ने प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम, द्वितीय स्थान पर मॉडल स्कूल करौली और तृतीय स्थान पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मासलपुर नें प्राप्त किया लोक नृत्य में कुल आठ टीमों ने भाग लिया।प्रथम स्थान प्राप्त टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मुकेश कुमार मीणा,श्रीमती निशा अग्रवाल,बृजेश शर्मा,कृष्ण कुमार,चेल्सी निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन राजेश कुमार मीणा ने किया।

### मंदिर से जरूरी सामान चुराए

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। बडी उदेई गांव में चोरों ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से गैस सिलेंडर सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। मंदिर में जब पुजारी पूजा करने के लिए पहुंचा तब चोरी की वारदात का पता चला। बडी उदेई गांव में पूर्विया मोहल्ले में पुरानी पुलिस चौकी के पास ठाकुरजी का मंदिर है। मंदिर पर प्रतिदिन पूजा अर्चना होती है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भी भीड रहती है। पुजारी शुक्रवार को मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना कर घर चला गया। इसके बाद चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया। इस दौरान चोर मंदिर में रखे गैस सिलेंडर, एक गरुड घंटा और 2 झालर सहित मंदिर में रखी पूजा का सामान और अन्य जरूरी चीजों को चोरी कर ले गए। जब पुजारी मंदिर पहुंचा तो मंदिर से गैस सिलेंडर और अन्य सामान दिखाई नहीं देने पर उसे चोरी का अंदेशा हुआ। चोरी की घटना का पता चलने पर काफी संख्या में लोगों की भीड जमा हो गई। लोगों ने पुलिस से मंदिर में हुई चोरी और सामान को बरामद करने की मांग की है।

### विद्यालय में मनाया हिन्दी दिवस

**करौली**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में शनिवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। एसडीएमसी के सचिव व्याख्याता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर के तीन वर्गों में निबन्ध लेखन , वाद विवाद, भाषण, सुलेख सुन्दर लेख,पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विद्यार्थीयों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उप प्रधानाचार्य दिलीप शर्मा ने अपने संबोधन में शुद्ध लेखन पठन के साथ मौलिक विचार अभिव्यक्ति पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया।हिन्दी व्याख्याता राजेन्द्र दीवान ने हिन्दी दिवस मनाने की पृष्ठ भूमि व प्रासंगिकता बताई । शिक्षक रंगी लाल मीना ने हिन्दी भाषा को अन्य सभी भाषाओं से समृद्ध व श्रेष्ठ बताते हुए इसके प्रचुर साहित्य पर प्रकाश डाला।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकले डोले

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। जलझूलनी एकादशी पर नहर रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से भगवान के डोला धूमधाम से निकाले गए। पंडित विष्णु शरण शास्त्री जीवद वालों ने बताया कि लोगों ने यात्रा में बढ-चढकर भाग लिया और डीजे पर नाचते गाते लोग डोला में शामिल हुए। सैकडो महिला व पुरुषों ने डीजे, ढोल में नगाडों पर नाचते हुए भगवान की जय जयकार कर रहे थे। श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुरू होकर डोला शुक्ला कॉलोनी, धन्वंतरी कॉलोनी, शंकर मिल होते हुए वापस नहर रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर वापस भगवान विराजमान हुए। डोला यात्रा में पंडित विष्णु शरण शास्त्री, नूतन शर्मा युधिष्ठिर राज सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, राहुल शर्मा पप्पू श्रीवास्तव सहित सैकडो भक्त लोग शामिल हुए। मंदिर में भगवान की आरती करके आशीर्वाद देते हुए सबको प्रसाद वितरण किया गया।

### राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया

**भुसावर** (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा द्वारा हिन्दी को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। हिन्दी उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों की प्रमुख भाषा है तथा दक्षिण भारत में भी लोग हिन्दी को बोल व समझ सकते हैं। हिन्दी भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस आदि देशों में भी बोली जाती है। इस अवसर पर डॉ शंकरलाल यादव, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र अनुराग सैनी व छात्रा पूजा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लाभार्थी जीवन प्रमाण पत्र जमा कराएं

**करौली**, (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के समस्त द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों की विधवाओं के जीवन प्रमाण पत्र प्रतिवर्ष सितम्बर माह में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय करौली में जमा किये जाते हैं। अतः जिले के समस्त द्वितीय विश्व युद्ध पेंशन सहायता राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना इस वर्ष जीवन प्रमाण पत्र जल्द से जल्द जिला सैनिक कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करावे जिससे उनकी सहायता राशि सूचारू रूप से वितरित की जा सकें।

### मुख्यमंत्री रोजगार मेला 17 को

**करौली**, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक पत्र जारी कर बताया कि 17 सितम्बर को जिला कलेक्ट्रट में सूचना जन संपर्क कार्यालय के टाउन हॉल में प्रात 11:00 बजे मुख्यमंत्री रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिये गये है।

## दो दर्जन कॉलोनियों में जलभराव की समस्या

**भरतपुर**, (निसं)। लगभग दो दर्जन कॉलोनियां जलभराव की समस्या से जूझ रही हैं। वहीं करीब 28 वर्ष बाद सुजानगंगा नहर का पानी भी अपनी सीमाओं से बाहर आकर मंसा मंदिर के साथ-साथ पाई बाग की सडक तक पंहुच गया। जलभराव और सुजानगंगा नहर के पानी के ओवरफ्लो को लेकर स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

- **स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए**

लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण भरतपुर की जनता परेशानी उठाने को मजबूर हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज का कहना है कि वर्षा से पूर्व नालों की सफाई की जाती है। लेकिन उसकी उचित सफाई व्यवस्था नहीं की जाती है। सुजानगंगा नहर से पानी निकासी के आउटलेट रास्ते की प्रशासन ने बरसों से सुध ही नहीं ली और अब हालत यह है कि पानी निकासी का रास्ता जाम हो चुका है। अगर प्रशासन के द्वारा समय समय पर उसका ध्यान दिया जाता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।

अब हालात यह कि जलभराव क्षेत्रों से पम्प लगाकर पानी को लिफ्ट किया जा रहा है। क्योंकि पानी निकासी के रास्तों पर जगह जगह अतिक्रमण हो चुके हैं या बंद हो चुके हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी का कहना है कि अकर्मण्य एवं निष्क्रिय प्रशासन के चलते लो लाइन एरिये में मकान बना दिए गए। यूआईटी के द्वारा बनाई गई योजनाएं में ड्रेनेज का ठीक से प्रावधान नहीं किया गया। शहर के 40 प्रतिशत क्षेत्र में जलभराव की स्थिति है। सुजानगंगा नहर में पानी निकासी के लिए दो नाले ओवरफ्लो के बने हुए हैं। लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर की जनता परेशानी उठा रही है।

## परिवहन विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया


**भरतपुर**, (निसं)। आयुक्त परिवहन विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने शनिवार को परिवहन विभाग कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर पत्रावली संधारण, विभागीय कार्यों के लम्बित प्रकरणों की जानकारी ली।

उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई, मैनेजमेंट एवं वाहन चालकों के लम्बित मामलों के बारे में सघनता से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार करने एवं निर्धारित समय में कार्य निस्तारण के निर्देश दिये।

परिवहन आयुक्त ने कार्यालय में पत्रावलियों के रख-रखाव, कार्मिकों की बैठक व्यवस्था, आमजन के कार्यालय में लम्बित प्रकरणों को मौके पर जोकर देखा तथा त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण परिसर में साफ-सफाई करवाने, अनावश्यक सामग्री को सुव्यवथित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में परिवहन आयुक्त ने लाईसेंस प्रक्रिया, वाहन पंजीयन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकिट प्रिटिंग प्रक्रिया, गैर परिवहन वाहनों से संबन्धित अन्य कार्यों की जानकारी ली।

# अवैध देशी कट्टा के साथ एक जना गिरफ्तार

**सूरौठ**, (निसं)। भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, करौली पुलिस अधीक्षक बृजेशज्योति उपाध्याय अति. पुलिस अधीक्षक हिण्डौनसिटी सत्येन्द्र पाल आरपीएस के निर्देशन में एवं उपाधीक्षक वृत्त हिण्डौनसिटी गिरधरसिंह आरपीएस के सुपरवीजन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के दौरान थानाधिकारी महेश कुमार उप निरीक्षक मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जटवाडा सडक, सोमला मोड से एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टे के साथ पकड़ा।



पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध देशी कट्टे के साथ पकड़ा।

थाना प्रभारी ने बताया कि गश्त के दौरान विजयपुरा तिराहे पर मुखबिर द्वारा रामसहाय कानि.व अमीर सिंह कानि.को सूचना मिली की जटवाडा सडक, सोमला मोड के पास एक व्यक्ति मोटरसाईकिल लेकर खड़ा हुआ है जो किसी बड़ी घटना को अन्जाम दे सकता है, उक्त सूचना पर जटवाडा सडक, सोमला मोड पर पहुंचा। जहां एक नौजवान लडका मोटरसाईकिल नं. आरजे 34 एसएल 0814 हीरो एफ. एफ. डिलक्स पर बैठा हुआ मिला। जिसको जाप्ता द्वारा रात्रि के समय सुनसान जगह पर मोटरसाईकिल लेकर खड़े होने का कारण पूछा तो उक्त लडका हडबडाने लगा और कोई सन्तोषजनक जबाव नहीं दिया। जिस पर उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछा तो अपना नाम पंकज पुत्र सूरज जाति जाट उम्र 18 साल निवासी क्यारदा कलां पुलिस थाना नई मण्डी हिण्डौनसिटी जिला करौली का होना बताया। जिस पर सन्देह होने पर उक्त शक्स की तलाशी ली गई तो एक देशी कट्टा 315 बोर मिला, इस पर उक्त शक्स पंकज से अवैध देशी कटटा 315 बोर को अपने कब्जे में रखने व लाने ले जाने बाबत पूछा तो कोई जबाब नहीं दिया।

# बांध पर पूजा कर जल संरक्षण का संकल्प लिया

**करौली**, (निसं)। प्रदेश एवं जिले में अच्छी बारिश के बाद समूचे राजस्थान में जल झूलनी एकादशी पर राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जल महोत्सव का अयोजन किया गया। जिले के सबसे बड़े बांध पांचना पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता ने पांच नदियों के जल का पूजन कर जल संरक्षण तथा जल के सदुपयोग का संकल्प लिया व आमजन को भी जल का महत्व बताया।

इसके बाद पांचना बांध पर स्थित भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और लोगों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का संदेश दिया। जल महोत्सव के तहत पंचायत समिति और ग्राम पंचायत स्तरों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न विभागों की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने आमजन से कहा कि जिले में अच्छी बारिश हुई है जिससे चारों ओर खुशी का माहौल है। ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिले भर में जल महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जल के महत्व को समझने और सदुपयोग का संदेश दिया। इस दौरान चल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के साथ ही जिले में भी अच्छी बारिश हुई है। जिसके चलते जिले के सभी 13 बांधों में भारी मात्रा में पानी की आवक है। जिले के सबसे बड़े बांध पांचना से भी एक माह से अधिक समय से जल निकासी की जा रही है। बांध से अब तक कुल भराव क्षमता का लगभग चार गुना पानी छोड़ा जा चुका है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जल संरक्षण और सदुपयोग पर जोर देने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से की गई।

## अग्र मैराथन पोस्टर एवं टी शर्ट का विमोचन

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में अग्रसेन प्रसादी सहयोग एवं अगर मैराथन का पोस्टर और आगरा मैराथन टी-शर्ट का विमोचन किया गया। प्रचार मंत्री राजेश महोली ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रम अग्रसेन प्रसादी सहभोज अग्र मैराथन के पोस्टर एवं टी-शर्ट का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन में मेला संयोजक मदन मोहन गोठरा अध्यक्ष पंकज मंगलम महामंत्री अरविंद सिंघल उपाध्यक्ष अशोक पंप मौजूद रहे। विमोचन के लिए अग्रवाल युवा संगठन उदेई मोड गंगापुर सिटी के स्पॉन्सर यमन मंगल अध्यक्ष ललित गुप्ता महामंत्री लोकेश गुप्ता गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# रैली निकाल हेलमेट लगाने का संदेश दिया

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ विशेष अभियान के तहत करौली जिला मुख्यालय पर पुलिस कांस्टेबल और अधिकारियों ने हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल चलाते हुए जागरूकता रैली निकालकर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए संदेश दिया।

प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जा रही जान की परवाह करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पुलिस कि ओर से हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत करौली जिले में मोटरसाइकिल चालकों से समझाइस करते हुए उन्हें हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया जा रहा है शनिवार को करौली के माथुर स्टेडियम से पुलिस जवानों और अधिकारियों की मोटरसाइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवान मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हेलमेट लगाकर लोगों को जागरुक कर रहे थे वहीं पुलिस जवानों के हाथ में यातायात नियमों के स्लोगन लिखी तख्तिया और फ्लेक्स बैनर लेकर चल रहे थे जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लगाने के लिए समझाइस कि जा रही है जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख सर्किलो और जिले भर में संबंधित थाना पुलिस द्वारा लोगों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# आरबीएम एवं जनाना अस्पताल के ठेका कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**भरतपुर**, (निसं)। शनिवार को जिला आरबीएम एवं जनाना अस्पताल के करीब पांच दर्जन से अधिक ठेका कर्मियों ने जिला कलेक्टेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर नई अनुबंधित प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से अवैध वसूली मांगने की शिकायत की।

कर्मचारियों ने बताया कि वे वर्षों से प्लैसमेंट एजेन्सियों के माध्यम से

- **नई अनुबंधित प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से अवैध वसूली मांगने की शिकायत की**



भरतपुर में जिला आरबीएम एवं जनाना अस्पताल के करीब पांच दर्जन से अधिक ठेका कर्मियों ने जिला कलेक्टेट पर प्रदर्शन किया।

अस्पताल में कार्य कर रहे हैं। हाल ही में 15 सितम्बर से ए वन सर्विसेज जयपुर का टैंडर खोला जा रहा है। ए वन सर्विसेज जयपुर के द्वारा कार्मिकों से उनके दस्तावेजों की मांग की गई है। ऐजेन्सी के द्वारा अपने कार्यालय पर दस्तावेज जमा कराने को कहा है। जिसे लेकर जब कार्मिक अपने दस्तावेजों को लेकर कार्यालय पंहुचे तो वहां एजेन्सी के सुपरवाइजरों के द्वारा दस्तावेज प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर दो हजार रूपये की मांग की गई। जबकि पिछली किसी भी प्लैसमेंट एजेन्सी के द्वारा इस प्रकार के शुल्क की मांग नहीं की गई। शुल्क के साथ साथ एक स्टाम्प की भी मांग की गई। जिसमें लिखना मांगा है कि किसी भी प्रकार का प्लैसमेंट से लगे कर्मचारियों को भविष्य में लाभ नहीं दिया जाएगा ना ही स्थाई किए जाने की मांग की जाएगी। जब इसे लेकर कर्मचारियों ने विरोध जताया तो दो हजार रूपये की जगह पर अब पांच सौ रूपये मांग की जा रही है। जबकि प्लेसमेंट से लगे कर्मचारियों को बमुश्किल 6 से 7 हजार रूपये का मासिक वेतन दिया जा रहा है। इस मौके पर करीब पांच दर्जन कुशल अद्वर्कुशल एव उच्च कुशल कर्मचारी मौजूद रहे।

## जलभराव की समस्या से आमजन परेशान

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं 13 बरसों नगला में अधिक जलभराव की समस्या को लेकर आमजनों का अपने घर से निकलने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि 12 तारीख को एक युवक आकाश (26) की रात्रि में अपने काम मजदूरी से अपने घर आ रहा था तो पानी में होकर घर आ रहा तो जहरीले सांप ने उसे काट लिया। जिसकी जयपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई हैं। इस 15 दिवस के अंतराल में 5 लोगों को जहरीले कीटों ने जो की फिलहाल ठीक है। मोती सिंह पार्षद ने बताया कि हमने कई बार नगर निगम प्रशासन, यू आई टी प्रशासन से समस्या के बारे में अवगत कराया मगर अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। ये घटना नगर निगम की लापरवाही से चलते हुई है।

देव नगर, बरसो नगला, विजय नगर कॉलोनीवासियों की हालात बेहद ही खराब है। एक युवक की मृत्यु तक हो चुकी हैं और घरों में दरारें पड गई है जो गिरने की कगार पर है। घटना को गंभीरता से लेते हुए विजय नगर में जलभराव की समस्या को दूर कराने की अपील की।

# खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाही से दुकानदारों में हड़कंप



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिपलाई व गंगापुर सिटी में खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए।

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार शाम को पिपलाई व गंगापुर सिटी में खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्वाई के चलते खाद्य व्यापारियों में हडकंप मच गया और डर से आसपास की दुकानदारों ने दुकानें भी बंद कर दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा शनिवार को सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्वीय द्वारा पिपलाई स्थित खंडेलवाल जनरल स्टोर से तेल का सैंपल, खारवाल मिष्ठान्न भंडार से मावा बर्फी, गौरव मिष्ठान्न भंडार से मावा बर्फी का सैंपल लिए गए। टीम ने गंगापुरसिटी के मंगल जनरल स्टोर से घी का सैंपल, पंकज जनरल स्टोर से घी का सैंपल, श्री राम से सोन पपडी का व सोन पपडी में डाले जा रहे पिस्ता का सैंपल लिया। सामने आया है कि सोन पपडी में मूंगफली की कतरनों को हरे रंग में रंग कर पिस्ते की शक्ल देकर सोन पपडी में मिलाया जा रहा था। सीएमएचओ ने बताया कि कारोबार कर्ताओं के खाद्य पंजीकरण की जांच की गई तथा जिनके पंजीकरण नहीं बने हुए थे। उनकी खाद्य पंजीकरण करवाने व सभी खाद्य विक्रेताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री का वितरण करने के लिए समझाइश की गई।